New Syllabus

09H(A)

HINDI

(Second language)

Parts A and B

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] **[Maximum Marks : 100**

Part-A

Time : 2 Hours **Marks : 75**

सूचना :

1. भाग - A के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पत्रिका में लिखिए।
2. भाग - A के लिए समय दो (2) घण्टे निर्धारित हैं।

I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच (5)अंक निर्धारित हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। **5×1=5**

मदर तेरेसा एक ऐसा नाम है, जो शांति, करुणा, प्रेम व वात्सल्य का पर्याय कहलाता है। ऐसी महान माता का पूरा नाम आग्नेस गोंकशे बोजशियु तेरेसा था। उनका जन्म 26 अगस्त, 1910 और स्वर्गवास 5 सितंबर, 1997 में हुआ था। प्रारंभ में उन्होंने अध्यापिका के रूप में काम किया। वे अनाथों, गरीबों और रोगियों की सेवा करना चाहती थी। इसलिए उन्होंने 1950 में कोलकाता में ''मिशनरीज ऑफ चैरिटी'' की स्थापना की।

प्रश्न : (1) मदर तेरेसा का पूरा नाम क्या है?

(2) मदर तेरेसा का जन्म कब हुआ?

(3) पहले तेरेसा क्या काम करती थी?

(4) 1950 में कोलकता में कौन-सी संस्था की स्थापना की?

(5) मदर तेरेसा की मृत्यु कब हुई?

2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

एक कुत्ता था। अचानक चूहों की तलाश में घूमती-घामती एक बिल्ली उस ओर आयी। कुत्ते की निगाह बिल्ली पर पड़ी। उसके मुँह में पानी भर आया। फिर भी वह उस पर झपटा नहीं। कुत्ता बड़ा समझदार था। वह अच्छी तरह जानता था कि झपटने से कोई लाभ नहीं, बदमाश बिल्ली बात की बात चंपत हो जाएगी। उसे तो चालाकी से पकड़ना चाहिए।

प्रश्न :

(1) बिल्ली किस की तलाश में निकली?

(A) चूहों (B) कुत्तों (C) मुर्गों (D) मछली

(2) कुत्ते की निगाह किस पर पड़ी?

(A) भालू (B) बिल्ली (C) बाघ (D) बंदर

(3) कुत्ते के मुँह में क्या भर आया?

(A) शरबत (B) पानी (C) पान (D) गुलाब जाम

(4) कुत्ते ने बिल्ली को कैसे पकड़ना चाहा?

(A) झपटकर (B) धीरे-धीरे (C) दौड़कर (D) चालाकी से

(5) कुत्ता कैसा जानवर है?

(A) समझदार (B) नसमझदार (C) कायर (D) मंदबुद्धि

3. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे॥
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे॥

प्रश्न :

(1) भारतवासी किसका कुहासा तोड़ेंगे?

(A) प्यार (B) निराशा (C) नफ़रत (D) विश्वास

(2) भारतवासी किसको पावन धाम बनायेंगे?

(A) भारत को (B) आन्ध्रा को (C) धरती को (D) विश्व को

(3) 'अमृत' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

(A) विष (B) पीयूष (C) सुधा (D) पानी

(4) विश्वास जगाने के लिए क्या भगाना चाहिए?

(A) नफ़रत (B) निराशा (C) प्यार (D) आशा

(5) उपयुक्त पद्यांश किस कविता पाठ से लिया गया है?

(A) हम भारतवासी (B) कण-कण का अधिकारी

(C) बरसते बादल (D) नीति दोहे

4. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5×1=5

बच्चे वे ही अच्छे होते
जो बड़े सबेरे उठते है।
बच्चे वे ही अच्छे होते
जो स्कूल समय पर जाते॥
अध्यापकों की बात मानते
पढ़ने में मन खूब लगाते।
बच्चे वे ही अच्छे होते
जो शाम के समय रोज खेलते॥

प्रश्न :

(1) अच्छे बच्चे रोज कब उठते हैं?

(A) रात (B) दोपहर (C) सबेरे (D) शाम

(2) बच्चे स्कूल कब जाते हैं?

(A) समय पर (B) समय के बाद (C) समय के पहले (D) कभी-कभी

(3) बच्चे किनकी बात मानते हैं?

(A) मेहमानों की (B) मित्रों की (C) अध्यापकों की (D) शत्रु की

(4) बच्चे रोज कब खेलते हैं?

(A) सुबह (B) शाम (C) दोपहर (D) रात

(5) इस पद्यांश का उचित शीर्षक यह हो सकता है -

(A) बुरे बच्चे (B) नटखट बच्चे (C) अच्छे बच्चे (D) बच्चे-बच्चे

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए।

प्रश्न क्रमांक 6 के लिए choice है। 6×3=18

5. सत्य, अहिंसा, त्याग आदि भावनाओं का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है?

6. सुमित्रानंदन पंत जी के बारे में आप क्या जानते हैं?

अथवा

7. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए।

(अ) रहिमन पानी ....

.... मानुष चून॥

(आ) कनक कनक ....

.... पाए बौराइ॥

8. राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से हिन्दी का क्या महत्त्व है?

9. अपनी दादी के प्रति हामिद की भावनाएँ कैसी थी?

10. नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है?

11. राजू को उसका पुराना स्कूल कैसा लगता था?

III. *किसी एक* प्रश्न का उत्तर दस (10) पंक्तियों में लिखिए। 1×10=10

12. "हम भारतवासी" कविता का सारांश लिखिए।

13. "कण-कण का अधिकारी" कविता का सारांश लिखिए।

IV. *किसी एक* प्रश्न का उत्तर बारह (12) पंक्तियों में लिखिए। 1×10=10

14. 'ईदगाह' कहानी का सारांश लिखिए।

15. अच्छे नागरिक बनने के लिए कौन–से गुण होना चाहिए?

V. *किसी एक* प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1×7=7

16. अपनी बड़ी बहन की शादी में सम्मिलित होने के लिए पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानअध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

17. पुस्तकें खरीदने के लिए रुपये माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए।

VI. *किसी एक* विषय पर *निबंध* लिखिए। 1×10=10

18. पर्यावरण और प्रदूषण

19. कोई एक त्यौहार

20. विद्यार्थी और अनुशासन

21. यदि मैं प्रधानमंत्री होता तो ....